


नवभारत

भोपाल, बुधवार, 14 जनवरी, 2026


# जिम्मेदारों के खौफ में परिवार, गांव से किया पलायन

## भीख मांग कर कर रहा गुजारा, सरपंच, पुलिस पर लगाए प्रताड़ना के आरोप, आत्मदाह की दी चेतावनी

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** अशोकनगर। जिन जिम्मेदारों पर ग्रामीणों की सुरक्षा की जिम्मेदारी है, यदि वहीं लोग उन्हें प्रताड़ित करने लगे, प्रताड़ित भी इतना कि वह उनके खौफ के कारण गांव से पलायन कर जाये और शहर में आकर भीख मांगकर गुजर बसर करे, तो इसे सिस्टम में बैठे जिम्मेदारों के लिए क्या कहेंगे। ऐसा ही एक मामला मंगलवार की दोपहर कलेक्ट्रेट परिसर में देखने को मिला, जब एक परिवार ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करते हुए अपने ऊपर लगे मुकदमों और दबंगो की दबंगयाई से परेशान होने की बात कहते हुए अपना दुखड़ा सुनाया। साथ ही आवेदन देते हुए न्याय न मिलने की दशा में आत्मदाह करने की बात कहीं।

मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे चंदेरी तहसील के ग्राम गौराकला निवासी परिवार की रक्षा पुत्री शीतल अहिरवार ने बताया कि 17 जनवरी 2025 को मेरे दादाजी कुलआ अहिरवार की रात्रि में गांव के ही रतिराम और मुकेश अहिरवार ने घर के अंदर घुसकर हत्या की दी थी, जिसका केश न्यायालय में चल रहा है। इसी केश के राजीनामा के लिए सरपंच केदार सिंह लोधी और आरोपियों के परिजनों द्वारा मेरे पिता शीतल पर दबाब बनाया जा रहा है। जिसके चलते पहले तो पैसो से लेकर तमाम तरह के प्रलोभन दिये गये, लेकिन जब मेरे पिता ने राजीनामा नहीं किया तो फिर हमे परेशान करना शुरू कर दिया गया। जहां हमारी खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया गया, तो वहीं घर के आगे कचरा फेंकने से लेकर पिता पर कई केस दर्ज करा दिये गये। वहीं लगातार पुलिस के आवागमन और धमकियों के कारण गांव छोड़कर शहर में स्टेशन और अस्पताल पर गुजर बसर कर रहे है।



**गांव से पलायन के बाद भीख मांग रहा परिवार:** कलेक्ट्रेट पहुंची रक्षा ने बताया कि लगातार पुलिस द्वारा परेशान किये जाने और सरपंच के कारण वह करीब आठ दिन पहले गांव छोड़कर जिलामुख्यालय पर पहुंचे, जहां गुजर बसर के लिए उनकी मां राजोबाई इधर-उधर भीख मांग कर परिवार का भरण पोषण करती है। तो वहीं जब भीख नहीं मिलती तो वह अस्पताल और स्टेशन पर वितरित होने वाले भोजन खाकर वहीं पर रात गुजरने का मजबूर है। वहीं उसने बताया कि सरपंच की दबंगयाई के कारण उसकी व उसके भाई की पढ़ाई प्रभावित हो रहीं है।

### पीड़ितों ने कहा भाजपा नेता है सरपंच, चाहता है जमीन हड़पना

कलेक्ट्रेट पहुंचे पीड़ित परिवार ने बताया कि गांव का सरपंच केदार सिंह लोधी भाजपा नेता है, जिसके चलते उसके आगे उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रहीं। पीड़ित परिवार ने बताया कि जहां हत्या के मामले में वह राजीनामा कराना चाहता है, तो वहीं उनकी जमीन को हथियाने के लिए वह लगातार प्रयास कर रहा है। इसके लिए जहां उनके परिवार के लोगों पर कई केस दर्ज करवा दिए गए, तो वहीं उनकी टेक्सी पर झूठा एक्सीडेंट का केस लगाकर उसे भी थाने में रखवा लिया गया। वहीं जमीन हड़पने के लिए सरपंच द्वारा पटवारी से मिलकर उनकी खड़ी फसल पर पंजा चलवा दिया था।

**न्याय नहीं मिला तो कर लेंगे आत्मदाह:** गौरकला निवासी पीड़ित परिवार ने न्याय की मांग करते हुए आवेदन दिये है। तो वहीं न्याय न मिलने की दशा में उन्होंने परिवार सहित आत्मदाह करने की बात अपने आवेदन में लिखी है, क्योंकि वह विगत एक वर्ष से प्रताड़ित हो रहे है।

**इनका कहना है।**

*मामला मेरे संज्ञान में है, इसकी जांच की जा रही है, जांच उपरांत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।*

**राजीव मिश्रा,**
**पुलिस अधीक्षक अशोकनगर।**

**इनका कहना है।**

*मुझसे यह परेशान नहीं, बल्कि मै इससे परेशान हूं, जिसके बारे में गांव पटवारी से लेकर पुलिस को मालूम है। वहीं इसके बारे में समाज से लेकर गांव वालों को मालूम है यह कैसा व्यक्ति है। वहीं उसके द्वारा जो आरोप लगाए जा रहे है वह निराधार है, क्योंकि कोई भी कुछ भी आरोप लगा सकता है। मैने भी अधिकारियों से सहीं से जांच करने के लिए बोला है, जिससे दूध का दूध और पानी का पानी हो जाये।*

**केदार सिंह लोधी, सरपंच**
**ग्राम पंचायत गौराकला**



# स्कूल की भूमि को कराया अतिक्रमण से मुक्त

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर।** एंटी भू-माफिया अभियान के तहत कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ईसागढ़ त्रिलोचन गौड़ के मार्गदर्शन में मंगलवार को तहसील नईसराय अंतर्गत तहसीलदार मयंक तिवारी, राजस्व निरीक्षक सुरेन्द्र यादव एवं राजस्व दल द्वारा ग्राम घुरवारकला के शासकीय हाई स्कूल के शासकीय सर्वे क्रमांक 325/2/1/1 रकवा 0.832हेक्टयर पर समरथ पुत्र बादल जाति यादव, रघुवीर पुत्र जगन्नाथ जाति यादव, बुंदेलसिंह पुत्र लालसाहब जाति यादव एवं संजीव पुत्र कल्ला जाति मेहतर द्वारा मकान, बाउण्ड्री वाल एवं तारफेसिंग लगाकर किये गये अवैध अतिक्रमण को राजस्व दल, पंचायत विभाग द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अतिक्रमण हटाया गया। उक्त हाई स्कूल की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। जिसका बाजारू मुल्य लगभग 20 लाख रूपये है। उक्त भूमि को अतिक्रमण मुक्तम कराकर प्राचार्य हाई स्कूल घुरवारकलां के सुपुर्द किया गया।

## एक नजर में

### झोलाछाप डॉक्टर पर मामला दर्ज

**अशोकनगर।** शाढ़ौरा पुलिस ने एक झोलाछाप डॉक्टर पर विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने ललितबाई की शिकायत पर प्रदीप बुनकर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दरअसल फरियादी के सात वर्षीय पुत्र की मृत्यु बिना डिग्रीधारी डॉक्टर के इलाज से हो गई थी। जिस पर महिला ने शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### आज से आनंद उत्सव प्रारंभ

**अशोकनगर।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 14 जनवरी से 28 जनवरी 2026 के मध्य आंनद उत्सव 2026 का आयोजन किया गया है। कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में आनंद उत्सव के आयोजन हेतु गतिविधियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को शासन के निर्देशानुसार आयोजन कराये जाने के निर्देश दिए है। आनंद उत्सव हेतु पंजीयन राज्य आनंद संस्थान की वेवसाईड पर किया जाना अनिवार्य है।

### 40 वर्षीय व्यक्ति का मिला शव

**अशोकनगर।** देहात थाना क्षेत्र के माता मंदिर कबीरा रोड़ पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है, जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने अस्पताल के वार्डवाय की सूचना पर एफआईआर दर्ज की है।

# सड़क हादसे के घायलों के लिए देवदूत बने विधायक

## मानवता की मिसाल पेश करते हुए घायलों को पहुंचाया अस्पताल, इलाज का कराया प्रबंध

**नवभारत न्यूज**

**मुंगावली। अथाईखेड़ा के समीप हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी दौरान संयोगवश उसी मार्ग से गुजर रहे मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव ने जब दुर्घटनास्थल पर घायलों को तड़पते देखा तो उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी रुकवाई और बिना किसी औपचारिकता के स्वयं मदद के लिए आगे आए।** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सड़क पर घायल अवस्था में पड़े लोगों की हालत बेहद गंभीर थी आसपास मौजूद लोग भीड़ तो लगा रहे थे लेकिन तत्काल कोई मदद नहीं मिल पा रही थी। ऐसे समय में विधायक श्री यादव ने संवेदनशीलता और साहस का परिचय देते हुए बिना एक पल गंवाए घायलों को अपनी निजी गाड़ी में बैठाया और सभी घयालों को जिला चिकित्सालय अशोकनगर पहुंचाया। हादसे में ग्राम मूड़रा बहादरा निवासी बिट्ठू लोधी, ब्रखभान यादव एवं एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे दुर्घटना के बाद सभी दर्द से कराह रहे थे विधायक की तत्परता के चलते उन्हें समय रहते चिकित्सा सुविधा मिल सकी जिससे उनकी स्थिति में सुधार आया। अस्पताल पहुंचते ही विधायक श्री यादव ने चिकित्सकों से घायलों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली और बेहतर से बेहतर उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल प्रशासन से कहा कि इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो और जरूरत पड़ने पर हर संभव सहायता दी जाए। विधायक ने घायलों के परिजनों से भी बात की और उन्हें ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार इस कठिन समय में अकेला नहीं है वे हर संभव मदद के लिए उनके साथ खड़े हैं। इस मानवीय कार्य के बाद स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने विधायक बृजेंद्र सिंह यादव की जमकर प्रशंसा की। लोगों का कहना है कि आज के समय में ऐसे जनप्रतिनिधि बहुत कम देखने को मिलते हैं जो निस्वार्थ भाव से आम जनता की मदद के लिए स्वयं आगे आते हैं। स्थानीय समाजसेवियों ने भी विधायक के इस कदम को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इससे समाज में सेवा और मानवता की भावना को बढ़ावा मिलेगा। सोशल मीडिया पर भी विधायक के इस सराहनीय कार्य की खूब चर्चा हो रही है। विधायक बृजेंद्र सिंह यादव की यह पहल यह साबित करती है कि वे केवल एक जनप्रतिनिधि ही नहीं बल्कि जनता के सुख-दुख में साथ खड़े रहने वाले सच्चे सेवक हैं। उनका यह कार्य आने वाली पीढ़ी के लिए भी एक मिसाल बनेगा।





### स्मार्ट मीटर एवं बढ़ते बिलों का विरोध कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**नवभारत शाढ़ौरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा मंगलवार को स्मार्ट मीटर एवं बढ़ते बिजली के बिलो में एक ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। जिसमें उन्होंने लगातार बढ़ते बिजली बिलो का विरोध जताया, तो वहीं स्मार्ट मीटर को लेकर कई बाते कहीं। वहीं कांग्रेस पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगे पूरी नहीं की गई, तो उग्र आंदोलन किया जावेगा। ज्ञापन देने के दौरान हरबीर सिंह रघुवंशी, राजकुमार सिंह मथनेर,रबि मोहने, निखिल रघुवंशी, शिव प्रताप सिंह रघुवंशी, इदरीस पटेल, शिबराज रघुवंशी करखया,युवा नेता अखिलेश रघुवंशी, वरुण परिहार, रानू जैन, अभिजीत रघुवंशी जिला अध्यक्ष, अभिषेक रघुवंशी युवक कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, संतोष रघुवंशी,मोहन रघुवंशी, चिमन अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गिरफ्तारी की मांग को लेकर निकाला कैंडल मार्च

**वृद्ध कल्लू की कर दी थी निर्मम हत्या**

**परिजन एवं समाजजनों ने निकाला मौन जुलूस**

**नवभारत न्यूज**

**अशोकनगर। पिपरई कस्बे के चिकमगलूर चौराह के पास कल्लू अहिरवार की तीन नाम दर्ज और कुछ अज्ञात लोगों ने प्लाट के विवाद में निर्मम हत्या कर दी थी।** पुलिस ने परिवार जनों की सहमति पर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज पर तीन नाम दर्ज एवं कुछ अज्ञात लोगों पर एफआईआर दर्ज की थी। जिसमें तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया, लेकिन वाकी लोगों की गिरफ्तारी अभी तक नहीं हो सकी। जिसके चलते परिजनों एवं समाज के लोगों द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। यह केंडल मार्च मृतक कल्लू अहिरवार के घर से प्रारंभ हुआ जो मुख्य मार्गो से होते हुए बही पर समाप्त हुआ। इस दौरान महिलाए, पुरूषों के साथ बड़ी संख्या में बच्चे के हाथों में मोमबत्ती तो कुछ कल्लू के हत्यारों को गिरफ्तार करो जैसे नारे लिखी तख्तियों के साथ मोन जुलूस में निकले।



# मृत्युभोज जैसी कुप्रथा बंद करने का लिया निर्णय

**श्रद्धांजलि सभा में लिया गया निर्णय**

**पटेल परिवार ने समाज के लिए मिसाल की पेश**

**नवभारत न्यूज**

**चंदेरी।** ग्राम हिरावल के प्रतिष्ठित पटेल परिवार में विगत दिवस रमेश कुमार नरवरिया (सेवानिवृत प्रधानाध्यापक) की पत्नी राजकुमारी नरवरिया का स्वर्गवास हो गया था, जिसकी श्रद्धांजलि सभा गृह ग्राम हिरावल में आयोजित की गई। श्रद्धांजलि सभा में अशोकनगर, शिवपुरी और ललितपुर जिले के सैकड़ो समाज सुधारक, समाजसेवी, बुद्धिजीवीजन,ब्रह्म कुमारी संस्था के सदस्य, स्नेहीजन,रिश्तेदार और समाज जन उपस्थित हुए। श्रद्धांजलि सभा के दौरान अनेक विद्वान जनों के द्वारा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए समाज सुधार और कुरीतियों के उन्मूलन के लिए मृत्यु भोज कुप्रथा को बंद करने की मांग की, जिस पर पटेल परिवार के रमेश कुमार नरवरिया, सुरेश कुमार नरवरिया, रामनिवास नरवरिया,अखिलेश कुमार नरवरिया,कमलेश कुमार और राहुल नरवरिया आदि ने अपने दिवंगत पिताजी पटेल साहब स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद नरवरिया के दिए गए संस्कारों का अनुसरण करते हुए और जन भावनाओं का सम्मान करते हुए यह निर्णय लिया कि मृत्यु भोज नहीं कराया जाएगा और मृत्यु भोज कुरीति का बहिष्कार कर उस धन को परोपकार में खर्च कर मानव सेवा का कार्य किया जाएगा। पटेल परिवार के इस निर्णय की चारों ओर बहुत प्रशंसा हो रही है। मृत्यु भोज बंद करने की दिशा में यह कार्य मिल का पत्थर साबित हो सकता है।



### शाढ़ौरा पब्लिक स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन

**शाढ़ौरा।** विगत दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती उत्साह के साथ मनाई गई। इस दौरान शाढ़ौरा पब्लिक स्कूल में सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया। जिसमें स्कूल परिसर में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों ने सभी सूर्य नमस्कार किया गया। कार्यक्रम के पूर्व शिक्षकों ने स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर तिलक लगाकर पुरुष अर्पित किए। विद्यालय की छात्रों ने वंदे मातरम गीत का गायन किया गया, गीत के बाद डायरेक्टर रामकुमार रघुवंशी ने अपने विचारों को छात्र-छात्राओं को प्रदान करते हुए स्वामी विवेकानंद के आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। जिससे विद्यार्थियों में उनके प्रति श्रद्धा और प्रेरणा जागृत हुई। मुख्य आकर्षण सूर्य नमस्कार एवं विभिन्न योग मुद्राओं का सामूहिक अभ्यास रहा।

### रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा वृद्धजनों के साथ मनाई मकर संक्रांति

**अशोकनगर।** मानव सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहने वाली समाज सेवी संस्था भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा मकर संक्रांति के पावन अवसर पर मंगलवार को त्रिलोकपुरी कॉलोनी स्थित वृद्ध आश्रम अपना घर परिवार जाकर वृद्ध जनों के साथ मकर संक्रांति उत्सव मनाया गया। इस दौरान सोसाइटी के सदस्यों ने वृद्ध जनों को ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े, मिठाई,लड्डू राम धुन के साथ वितरण किए। इस दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ जय मंडल सिंह यादव, सचिव संजय रघुवंशी, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ दीपक मिश्रा,डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी, डॉ राजकुमार शर्मा देवेंद्र अग्रवाल अशोक रघुवंशी विनोद शर्मा अरविंद भंडारी उपस्थित थे। वृद्ध आश्रम संचालक नीतू साहू द्वारा सभी का आभार एवं धन्यवाद प्रकट किया गया।

### कलेक्टर ने किये स्थानीय अवकाश घोषित

**अशोकनगर।** कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा जिले में संचालित समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए वर्ष 2026 हेतु स्थानीय अवकाश घोषित किये है। जारी आदेश के तहत 19 मार्च 2026 को गुड़ी पड़वा, 31 मार्च को महावीर जयंती, 3 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 14 अप्रैल डॉ. अंबेडकर जयंती, 20 अप्रैल को परशुराम जयंती, 01 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 17 जून को महाराणा प्रताप जयंती, 26 अगस्त को मिलाद उन नबी, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती, 26 अक्टूबर को महर्षि वाल्मीकि जयंती शामिल है।

**जनसुनवाई** | **अधिकारियों को दिये समस्याओं का हल करने के निर्देश**

# कलेक्टर ने सुनीं आवेदकों की समस्याएं, आए 202 आवेदन

**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर आदित्य सिंह द्वारा कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 202 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम वायगा निवासी कृष्णभान सिंह यादव द्वारा बंटाकन एवं नक्श दुरूस्तिकरण कराए जाने, मुंगावली निवासी सीमाबाई द्वारा आवासी पट्टा दिलाए जाने, ग्राम खडीचरा निवासी श्यामबाई अहिरवार द्वारा वृद्धावस्था पेशन दिलाए जाने, ग्राम जमाखेडी निवासी सहेन्व लोधी द्वारा संबल कार्ड योजना की राशि दिलाए जाने, ग्राम बरौदिया निवासी संतराम सिंह द्वारा शासकीय भूमि पर से अतिक्रमण हटाए जाने,ईसागढ़ निवासी दीपक कुमार लोधी द्वारा बंटाकन निरस्त कराए जाने, ग्राम खैजरा तास निवासी पवन प्रजापति द्वारा राशन पर्ची बनवाए जाने, ग्राम चिरौली निवासी रामकुमार रघुवंशी द्वारा भूमि में नाम परिवर्तन कराए जाने, ग्राम नगऊखेड़ी निवासी लालाराम सिंह द्वारा आधार कार्ड में नाम सुधरवाए जाने, ग्राम बीलाखेड़ी निवासी जहारसिंह द्वारा बीपीएल सूची में नाम जोडे जाने, ग्राम रूसल्ला निवासी हरगा अहिरवार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेशन स्वीरकृत कराए जाने, ग्राम सिरसी नई निवासी दयाशंकर शर्मा द्वारा प्रधानमंत्री आवास की किस्त दिलाए जाने,ईसागढ़ निवासी सीमा यादव द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत कराए जाने संबंधी समस्या मूलक आवेदन आए। जिनके निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।




## कार्यालय नगर पालिक निगम (यांत्रिक विभाग) भोपाल

### निविदा आमंत्रण सूचना

क्र. 236/यां.वि./2026 — भोपाल, दिनांक 12/6/2025

निम्न कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती हैं. विस्तृत विवरण वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर है.

| क्र. | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रु. में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_475321_1 | Construction of CC road Near Temple Lake City Colony W-64 Z-15 | 33,66,064/- | 12-Feb-2026 | 05:30 PM |
| 2. | 2026_UAD_475259_1 | Providing and Laying of Paver Blocks Infront of Chhath Kund New Shiv Nagar Jhuggi Basti W-63 Z-15 | 14,07,497/- | 12-Feb-2026 | 05:30 PM |
| 3. | 2026_UAD_475188_1 | Construction of Shed and Platefrom at 100 Qtr Jhuggi Basti, 60 Qtr Jhuggi Basti, Near Triveni Temple, Chandmari Jhuggi Basti, Near Doodh Dairy Chandmari Jhuggi Basti, 50 Qtr Jhuggi Basti, Near Aibeu Kaaryalay and Old Shiv Nagar Jhuggi Basti Piplani W-63 | 14,03,197/- | 12-Feb-2026 | 05.30 PM |

नोट:- संशोधन वेबसाइट पर ही देखे जा सकेंगे. समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं होंगे.

कार्यपालन यंत्री (सिविल)
नगर पालिक निगम, भोपाल

नि.क्र. 2983/025/026